आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW



### खबर देख आहत हो रहे लोग, पूछ रहे सवाल

# आखिर कहां जा रहे हैं हमारे रक्षक?

**त्वरित टिप्पणी**

**रांची (आजाद सिपाही)।** समाज में दो विभागों को जनता अपना रक्षक मानती है। एक पुलिस प्रशासन और दूसरा स्वास्थ्य। जब ये दोनों ही भक्षक बन जायें, तो समाज दरकने लगता है। आजाद सपाही में शुक्रवार को दो खबरें छपी थीं। पहली बूंडू के डीएसपी ने युवक को बुलाया, पीट कर हाथ तोड़ा और दूसरी-घूस में ली कान की बाली तब कराया प्रसव। इन दो खबरों ने लोगों को सोचने के लिए मजबूर कर दिया कि आखिर कहां जा रहे हैं हमारे रक्षक? ये दोनों खबरें सोशल मीडिया पर काफी ट्रेंड हो रही हैं। फेसबुक, ट्विटर, वाट्सएप आदि पर लोग शेयर कर रहे। तरह-तरह के कॉमेंट कर रहे हैं। यह दिखा रहा है कि अगर ये रक्षक इस तरह का व्यवहार शुरू कर देंगे, तो आम गरीब लोगों का क्या होगा। पुलिस लोगों की रक्षा करने और मदद के लिए है। बूंडू डीएसपी का कारनामा देख कर ऐसा तो नहीं लगता। युवक को अपने कार्यालय में बुला कर इतना पीटा कि हाथ टूट गया। ऐसे में पुलिस पर लोग कितना विश्वास कर पायेंगे। दूसरी ओर अस्पताल जहां गरीब अपनी जान की रक्षा के लिए पहुंचते हैं। डॉक्टर, नर्स, एनएनएम समेत तमाम कर्मचारी उनके लिए भगवान से कम नहीं होते। वही भगवान संकट की घड़ी में मोलभाव करने लगे, तो आश्चर्य की बात है। हेरहंज अस्पताल में एनएनएम ने प्रसव से तड़पती महिला से पहले पैसा मांगा, पैसा नहीं मिला तो कान की बाली खुलवा ली, तब प्रसव कराया। भगवान का दर्जा दिये जाने वाले एनएनएम को हालात पर दया भी नहीं आयी।

सरकार और प्रशासन के उच्चाधिकारियों को इन दोनों घटनाओं पर गौर करना चाहिए। यह एक सामान्य घटना नहीं है। यह मामला चूंकि उजागर हो गया, इसलिए लोगों की नजर में आया। कई मामले तो सामने ही नहीं आते। व्यवस्था को जमीनी स्तर पर ठीक करने की जरूरत है, जिससे लोगों का भरोसा कायम रहे, नहीं तो सामाजिक व्यवस्था ध्वस्त हो जायेगी।

### झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र समाप्त

# सकारात्मक रूप से पक्ष और विपक्ष के सहयोग से सदन चला : स्पीकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि पंचम झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र समाप्त हो गया। यह सत्र समयावधि के हिसाब से छोटा सत्र था, परंतु विधाई कार्यो के उपयोगिता के लिहाज से यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण है।

पांच दिनों के सदन की कार्रवाई में 17 घंटे तक चली जो निर्धारित आवंटित का 100 प्रतिशत से भी अधिक है। इस सत्र में विनियोग विधेयक छोड़कर के कुल 9 विधेयक सरकार से लाये गये जिनमें से आठ विधेयकों को सभा के द्वारा पारित कर राज्यपाल राज्यपाल के समक्ष भेजा जा रहा है। इस सत्र में सदस्यों का कुल 326 सवाल प्राप्त हुए जिसमें 230 प्रश्न स्वीकृत किया गया। इसमें से 174 प्रश्न अल्पसूचित है एवं 56 प्रश्न तारांकित हैं। इन 230 प्रश्नों में से 192 प्रश्नों का उत्तर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रणाली से प्राप्त हुआ। उत्तर प्राप्ति का प्रतिशत 83 . 48 प्रतिशत रहा। इस ऑनलाइन प्रश्नोतर को और आगे ले जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान 20 स्वीकृत ध्यानाकर्षण की सूचना प्राप्त हुई। इसमें से 07 ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर दिये गये बाकी 13 लंबित ध्यानाकर्षण सूचनाओं को प्रश्न एवं धनाकर्षण समिति को भेजा गया। 27 निवेदन स्वीकृत हुए। कुल 117 शून्यकाल की सूचनाएं प्राप्त हुई इसमें से 100 सूचनाओं की सूचनाएं स्वीकृत हुई। उन्होंने कहा कि सकारात्मक रूप से पक्ष और विपक्ष के सहयोग से सदन चला है। इसके लिए आप सभी माननीय सदस्य बधाई के पात्र हैं। विधानसभाध्यक्ष ने आने वाले त्योहारों में क्रिसमस सोहराय एवं मकर संक्रांति के साथ-साथ नव वर्ष की मंगल कामनाओं के साथ सभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की।

## सीएम ने आर्चबिशप को दी क्रिसमस की बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार को रांची के पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो से मुलाकात की और उन्हें क्रिसमस की बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने मसीही समाज सहित राज्य वासियों को प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन 'क्रिसमस' पर शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने प्रभु यीसु से राज्यवासियों के लिए अमन-चैन और सुख, समृद्धि की प्रार्थना की।

## फुरकान अंसारी की गाड़ी से टकरायी स्कॉट जिप्सी



**रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व सांसद फुरकान अंसारी शुक्रवार को बड़े हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बचे। दरअसल झारखंड विधानसभा परिसर में फुरकान अंसारी की गाड़ी सीएम हेमंत सोरेन के काफिले में चलने वाली जिप्सी से टकरा गयी। वह मीडियाकर्मियों से बातचीत कर विधानसभा परिसर से निकल रहे थे। इस हादसे में फुरकान अंसारी को हल्की चोट आयी है। विधानसभा में प्रतिनियुक्त डॉ अजीत कुमार ने मौके पर पहुंच कर उनकी शुरूआती जांच की। पूर्व सांसद के हाथ में चोटें आयी हैं। डॉक्टर अजीत के मुताबिक उनका पल्स नॉर्मल पाया गया। आगे की जांच के लिए उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। पिता फुरकान अंसारी की दुर्घटना की खबर सदन में मौजूद विधायक इरफान अंसारी को मिली। जानकारी मिलते ही इरफान पिता को देखने सदन से दौड़ कर निकले।**

## फोन करके अधिकारी सवाल नहीं पूछने का दबाव बनाते हैं : शिल्पी नेहा तिर्की



**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवें और अंतिम दिन शुक्रवार को सत्ता पक्ष की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सदन के अंदर एक अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्हें सवाल पूछने पर साजिश के तहत रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो तारांकित प्रश्न डाले थे, लेकिन सदन में सवाल जवाब करने का मौका नहीं मिल पाया। कांग्रेस की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने पहली पाली के दौरान ज्यादा वक्त अपनी सीट के पास खड़ी रहीं। वह सदन को कुछ बताना चाह रही थीं, लेकिन उन्हें वक्त नहीं मिल रहा था। जब मौका मिला तो शिल्पी ने कहा कि उन्हें सवाल पूछने से साजिशन रोका जा रहा है। सदन के बाहर पत्रकारों के समक्ष उस अधिकारी के नाम का खुलासा कर दिया। शिल्पी ने कहा कि बरही प्रखंड के सीओ मुझे फोन कर सवाल पूछने से मना करते हैं। वह मुझे बार-बार फोन कर रहे थे। एक साजिश के तहत मुझे सदन में भी सवाल पूछने से रोका गया। वन विभाग की आठ एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। इसी मामले को वह सदन में उठाना चाह रही थीं, लेकिन विपक्ष ने हंगामा कर उसे उठाने नहीं दिया। उसी मामले में सीओ बार-बार फोन कर रहे थे।**

## खादी और सरस महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

> देश भर के बुनकर कारीगर और कलाकारों का लगेगा जमावड़ा
>
> महोत्सव में झारखंड के पर्व और स्थानीय नृत्य के नाम पर आधारित होंगे हैंगर

आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** 28 दिसंबर से राज्य के बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव 2022-23 का शुभारंभ होना है। महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। झारखंड राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के सीइओ राखाल चंद्र बेसरा ने बताया कि स्टाल्स की बुकिंग जारी है, देश के अलग अलग राज्यों से लोग संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने बताया ये महोत्सव देश भर के बुनकर, कारीगर, हस्तशिल्पकार, खादी और सरस से जुड़ी दीदियों को फिर से अर्थिक रूप से सबल बनाने में सहयोग देगा। मेले में देश के अलग-अलग राज्यों के खादी और सरस के विभिन्न उत्पादों और कलाकृतियां को देखने और खरीदने का मौका भी मिलेगा। बेसरा ने बताया कि महोत्सव में सुबह लोग 10 बजे से प्रवेश कर पायेंगे। प्रत्येक दिन यहां विभिन्न राज्यों से आये कलाकारों द्वारा आम जनों के लिए लगातार रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत होते होंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि इस बार जितने भी हैंगर बनाये जा रहे हैं, वो झारखंड के पर्वों और नृत्यों पर आधारित होंगे। जिससे अलग-अलग राज्यों से आये लोगों को झारखंड को और नजदीक से जानने का मौका मिलेगा और लोग यहां की संस्कृति से जुड़ पायेंगे।

### झारखंड के कलाकारों को मिलेगा मंच

बेसरा ने बताया कि जहां राज्य के अलग अलग प्रांतों से आये कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे, वहीं झारखंड के कलाकार भी अपनी नृत्य और गायन से राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव की शोभा बढ़ायेंगे।

### राज्यपाल ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को लिखा पत्र

# पारसनाथ आस्था का केंद्र, इसको पर्यटन स्थल न बनायें : रमेश बैस



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को शुक्रवार को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से राज्यपाल ने गिरिडीह जिला के जैन धर्मावलंबियों के तीर्थ स्थल पारसनाथ की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। राज्यपाल ने पत्र के जरिये कहा है कि झारखंड सरकार की अनुशंसा पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से इसे 2019 में वन्य जीव अभयारण्य का एक भाग घोषित कर इको सेंसेटिव जोन के तहत रखा गया। झारखंड सरकार की ओर से इसे पर्यटन स्थल घोषित किया गया। आजकल इस पवित्र स्थल में मांस-मदिरा सहित अन्य कई प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन की शिकायतें भी आ रही हैं। राज्यपाल ने अपने इस पत्र में कहा है कि यह पवित्र स्थल दुनिया भर में जैन धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा तीर्थस्थल है और उनके 24 में से 20 तीर्थंकरों के निर्वाण (मोक्ष) स्थल है। यह पूरे विश्व के जैन समाज के लोगों की आस्था से जुड़ा है। पारसनाथ को राज्य सरकार द्वारा पर्यटन स्थल घोषित किये जाने पर जैन समाज का मानना है कि इससे यहां की पवित्रता भंग होगी। इस संदर्भ में कई ज्ञापन प्राप्त हुए और उनसे जबलपुर, दमोह, उदयपुर, आगरा और अन्य जगहों से जैन समाज के कई प्रतिनिधि मिलने आये और उन्होंने इस पर अपनी आपत्ति प्रकट की। इसे लेकर विश्व जैन संगठन द्वारा 26 मार्च, छह जून, दो अगस्त और 11 दिसंबर 2022 को देशव्यापी शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन श्री सम्मेद शिखर जी बचाओ आंदोलन के नाम से किया गया। राज्यपाल ने कहा है कि यह मामला जैन समाज के लोगों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है, उनकी भावनाओं को आहत न पहुंचे। इस दृष्टि से उनकी आस्था को ध्यान में रखते हुए इस विषय की पुनः समीक्षा और पुनर्विचार किया जाना चाहिए ताकि इस पवित्र स्थल की पवित्रता को ठेस न पहुंचे और पारसनाथ पर्वतराज और मधुवन को पवित्र जैन तीर्थस्थल ही रहने दिया जाये।

## सरयू ने सरकारी भूमि पर रह रहे लोगों के लिए सदन में उठायी आवाज



**रांची (आजाद सिपाही)।** विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर और अन्य स्थानों पर सरकारी और लोक उपक्रमों की भूमि पर रह रहे लोगों को मालिकाना हक देने का मामला शुक्रवार को उठाया। लेकिन, विपक्ष के हंगामा के कारण इस पर बहस नहीं हो सकी। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इसे अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति को अग्रेतर कारवाई के लिए भेज दिया है। पंचम झारखंड विधानसभा के दशम (शीतकालीन) सत्र के अंतिम दिन सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति सरयू राय द्वारा समिति का 26 वां प्रतिवेदन सभा पटल पर उपस्थापित किया गया। समिति का गठन झारखंड विधानसभा के सभा-सचिवालय की अधिसूचना सं0-100523 मई 2022 को किया गया है। समिति के सभापति सरयू राय, और 5 सदस्य, भानु प्रताप शाही, मथुरा प्रसाद महतो, जयप्रकाश भाई पटेल, दीपिका पांडे सिंह और सुदिव्य कुमार समिति में हैं। यह प्रतिवेदन नॉन फंक्शनल प्रतीत हुए उपक्रमों को बंद करने के संबंध में है।

## देवघर एम्स में सिर्फ बाहरी अधिकारी और कर्मचारी, जांच हो : प्रदीप यादव

**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को विधायक प्रदीप यादव ने शून्यकाल में देवघर एम्स में गैर झारखंडियों की बहाली का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि एम्स में डॉक्टर, कर्मचारी, अधिकारी से लेकर मजदूर तक बाहरी हैं। एम्स डायरेक्टर लगातार बाहरियों को भर्ती कर रहे हैं। इससे वहां के लोगों में काफी आक्रोश है। उन्होंने सरकार से मांग की कि उपायुक्त और श्रमायुक्त एम्स के कर्मियों की सूची प्राप्त करके कार्रवाई करें। उन्होंने स्पीकर से इस मामले की निगरानी के लिए एक विशेष कमेटी बनाने की भी मांग की।

## कोल्हान में बच्चों में नशाखोरी का मुद्दा सदन में उठा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवें और अंतिम दिन शुक्रवार को झामुमो विधायक दीपक बिरुआ ने कोल्हान में बच्चों में बढ़ रहे नशे की लत का मुद्दा उठाया। विधायक ने कहा कि कोल्हान प्रमंडल में 10 से 16 वर्ष की उम्र तक के 73043 बच्चे किसी न किसी नशे के शिकार हैं। नशे के कारण प्रमंडल में हत्या, लूट, डकैती, छिनतई व बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्या सरकार प्रमंडल में नशा के विरुद्ध जागरुकता अभियान चलाकर नशे के गिरफ्त में आये बच्चों को जागरूक करने के लिए जिला में नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने का विचार रखती है। इस पर जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि यह सवाल स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा हुआ नहीं है लेकिन पुलिस के द्वारा ऐसा कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं कराया गया है कि नशे के गिरफ्त में आये युवा ही घटना को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा सवाल नहीं है फिर भी वह जवाब दे रहे हैं।

## मनीष जयसवाल से बोले आलमगीर, एयरपोर्ट के लिए आपकी नजर में कोई जगह है तो बताइए

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा विधायक मनीष जयसवाल ने एयरपोर्ट का मामला सदन में शुक्रवार को एक बार फिर उठाया। उन्होंने कहा है कि छह साल से एयरपोर्ट बनाने की योजना लंबित है। एयरपोर्ट बनाने के लिए पैसा केंद्र सरकार देगी, लेकिन राज्य सरकार अब तक जमीन नहीं खोज पायी है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट बनाने के लिए 310 एकड़ जमीन की जरूरत है। उन्होंने जिला स्तर पर डीसी की अध्यक्षता में कमेटी बनाने की मांग की है। वहीं मनीष जयसवाल के सवाल पर मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि राज्य के सभी जिलों में एयरपोर्ट हो, इसके लिए सरकार गंभीर है। जमीन ढूंढ़ने का प्रयास किया जा रहा है। अगर आपकी नजर में कोई ऐसी जमीन खाली है तो हमें इसकी जानकारी दीजिए। आप भी सरकार को सहयोग करिए।

## सेवन स्टार्स एकेडमी में मनाया गया वार्षिक उत्सव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेवन स्टार्स एकेडमी हेहल रांची में 11वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अथिति प्रवीण सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर वंदना राय, डॉक्टर अरुण उरांव, रामकुमार पाहन ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके साथ ही अथितियों का सम्मान पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर किया गया। स्वागत भाषण निदेशक बिंदेश्वर बेक और वार्षिक प्रतिवेदन उप प्राचार्य रीतू प्रिया ने दिया। इस दौरान गणेश वंदना के साथ रंगारंग कार्यक्रम का आगाज हुआ, जिसमें देश के अन्य राज्यों की भी प्रस्तुति पेश की गयी। नर्सरी से 12वीं तक के बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया। मंच का संचालन सुचिता अनिता केरकेट्टा और 10वीं के छात्र अनुष्का और अनीस ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्राचार्य डाक्टर बब्बन कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्रशासक पीके विद, सुरेश सिंह, अमर अमीप, सुनीता चौधरी, नामलेंन पूर्ति, शीला कुमार आदि उपस्थित थे।

### विरोध : प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में खूब हुई धक्का-मुक्की और गाली-गलौज

# प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को हटाने की मांग को लेकर वरिष्ठ कांग्रेसियों ने दिया धरना

> प्रदेश अध्यक्ष के इशारे पर बाहरी लोगों ने कांग्रेस भवन में घुसकर आदिवासी नेताओं को टारगेट किया : रमेश उरांव




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को हटाने की मांग को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में धरना दिया एवं नारेबाजी की। प्रदेश अध्यक्ष हटाओ, कांग्रेस बचाओ, दल बदलुओं से कांग्रेस बचाओ, दिल्ली से बैर नहीं ठाकुर तेरी खैर नहीं, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, मल्लिकार्जुन खड़गे जिंदाबाद, सोनिया राहुल जिंदाबाद इत्यादि हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की एवं एक घंटा तक धरना पर बैठे। धरना में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के महासचिव और प्रवक्ता रमेश उरांव, कांग्रेस नेता फिरोज रिजवी मुन्ना, शिव उरांव, राजेश चंद्र राजू, टींकू वर्मा, प्रेमनाथ मुंडा, राजेश कुमार नायक, ग्राम प्रधान सुखराम पाहन, सोनी नायक, शमीम अख्तर अंसारी, बबलू कुमार, मो.सैफ, मैना उरांव, लंकेश्वर उरांव, बेसा उरांव, गंदुर राम मुख्य रूप से शामिल थे। रमेश उरांव ने आरोप लगाया है कि धरना दे रहे कांग्रेसियों को प्रदेश अध्यक्ष के इशारे पर 100 की संख्या में नगर अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के साथ असामजिक तत्वों ने धक्का मुक्की गाली गलौज की एवं दरी चादर छीन कर उठा दिया। धरना पर बैठे रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता रमेश उरांव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के इशारे पर बाहरी लोगों ने कांग्रेस भवन में घुस कर आदिवासी नेताओं को टारगेट किया एवं धक्का देकर बाहर निकाला और मारपीट कर हाथ पैर तोड़ कर बैठाने की धमकी दी। आज के इस कृत्य से आदिवासी समाज काफी मर्माहत है, इसका खामियाजा 2024 में पार्टी को भुगतना पड़ेगा। रमेश उरांव ने कहा कि वर्षों से हम पार्टी के कार्यकर्ता हैं और हम जमीनी स्तर के नेताओं, आदिवासी समाज की उपेक्षा को लेकर शांतिपूर्वक धरना पर बैठे थे। प्रदेश कांग्रेस नेता फिरोज रिजवी मुन्ना ने कहा कि आरपीएन सिंह के इशारे पर पार्टी को कमजोर कर रहे प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराने के लिए हम अपने कार्यालय में बैठे हुए थे, तभी बाहरी असामाजिक तत्वों को भेज कर धक्का मुक्की किया। हम कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं और हमें अपने भवन में लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस नेता टींकू वर्मा ने कहा कि पार्टी को गलत हाथों से बचाने के लिए संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे और आज जिस प्रकार से प्रदेश अध्यक्ष ने मुज्जफरपुर से बाहुबलियों को बुला कर कांग्रेस भवन में घुसकर धक्का मुक्की और गाली गलौज किया, वह काफी शर्मनाक है।

## प्रदेश कांग्रेस बचाओ का शंखनाद करने आलोक दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता कल जायेंगे बोकारो



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर हटाओ-कांग्रेस बचाओ का शंखनाद करने प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता छोटू 24 दिसंबर को बोकारो जायेंगे। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरीष्ठ नेता साधु शरण गोप के नेतृत्व में उनके आवासीय कार्यालय पर बैठक होगी। वहीं इस दौरान तमाम वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं के साथ रायशुमारी करेंगे। इन नेताओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के गृह जिले में कांग्रेस जनों के आक्रोश से दिल्ली को अवगत कराया जायेगा। बताते चलें कि पार्टी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे ने पहले ही यह आरोप लगाया है कि प्रदेश अध्यक्ष पूर्व प्रभारी और वर्तमान में भाजपा नेता आरपीएन सिंह के इशारे पर संगठन को संचालित कर रहे हैं। इसके साथ ही वह पार्टी की आंतरिक सूचनाएं उन तक पहुंचा रहे हैं। इसके साथ ही बोर्ड निगम में भी जो सूची तैयार की गयी है, उसमें आरपीएन सिंह के नजदीकियों को स्थान दिया गया है। इसके साथ ही कहा, बोर्ड-निगम में आरपीएन सिंह के द्वारा भेजी गयी सूची को 25 दिसंबर को सार्वजनिक किया जायेगा।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा



**हाजीपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों व विभागाध्यक्षों के साथ निर्माण परियोजनाओं पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक मे महाप्रबंधक द्वारा नयी लाइन, आमान परिवर्तन, दोहरीकरण सहित विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। साथ ही भविष्य में पूरी की जाने वाली निर्माण परियोजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। महाप्रबंधक ने इरकॉन के उच्चाधिकारी के साथ भी बैठक की जिसमें उन्होंने इरकॉन द्वारा पूरी की जा रही पूर्व मध्य रेल की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की ।

## आवास बनवायें या पैसा लौटायें लाभुक नहीं तो होगी कानूनी कार्रवाई : बीडीओ

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लोवाहातू पंचायत अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों जिसने अभी तक आवास निर्माण प्रांरभ नहीं किया है। उन्हें राशि जमा करने का नोटिस दिया गया है। शुक्रवार को बीडीओ हारून रशीद, मुखिया रंभावती देवी, पंचायत समिति सदस्य निधि देवी और पंचायत सचिव लाभुकों के घर जा कर सभी को नोटिस दिया है। बीडीओ ने कहा कि राशि मिलने के साल भर बीत जाने पर भी आवास निर्माण प्रांरभ नहीं करने वाले लाभुकों को तत्काल कार्य प्रांरभ करने या राशि जमा करने का नोटिस दिया गया है। ऐसा नहीं करने पर एक सप्ताह के बाद सर्टीफिकेट केस दर्ज किया जायेगा।

## मुरी के संत माइकल स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन, बच्चों ने की मस्ती



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** मुरी के संत माइकल स्कूल में शुक्रवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। यूनाइटेड चर्च कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में यूनाइटेड चर्च कमेटी के सदस्यों को स्कूल परिसर में पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। चर्च कमेटी के सदस्य मनीष सुवर्णो, अविका प्रिया, बिद्धु, सेम्युल आदि ने क्रिसमस गीत से कार्यक्रम कि शुरूआत की। इस मौके पर विद्यालय के सभी बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। क्रिसमस गैदरिंग के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में केक काटकर सभी में वितरण किया गया। इस दौरान पूरे चर्च कमेटी के सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षिक-शिक्षिकाएं दीपिका कुमारी, सीमा कुमारी, सपना दत्ता, मनीषा सिंह, रमेश गोराई, किशोर कुमार महतो, सुशील कुमार, ममता गोस्वामी और सोमांशी तिवारी आदि उपस्थित थे।

## खलिहान में लगी आग, दो चाकी जल कर राख

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के भकुवाडीह गांव निवासी चंद्र मोहन महतो के खलिहान में गुरुवार को अचानक आग लग जाने से दो चाकी जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने पंप की मदद से पानी डालकर आग पर काबू पाया। पर उससे पहले दो बड़े-बड़े धान चाकी पूरी तरह से जल गए। इस आगजनी से किसान को 10-12 हजार रुपए की क्षति हुई है। घटना दोपहर 12 बजे की है। जिस समय आग लगी उस दौरान लोग खेतों में काम करने गए थे। खलिहान में आग लगने की जानकारी होने पर लोग खेत से दौड़कर आए और आग बुझाने में लग गए। किसान ने आपदा राहत कोष से मुआवजे की मांग की है।

## सालसूद गांव में लगायी गयी किसान पाठशाला

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तेतला पंचायत अंतर्गत सालसुद गांव में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को तरबूज की वैज्ञानिक विधि से खेती करने की जानकारी दी गई। पाठशाला के संचालक अध्यक्ष दुर्गा चरण सिंह मुंडा ने किया। जिसमें 40 प्रगतिशील किसान शामिल हुए। पौधा संरक्षण केंद्र प्रभारी सोनाहातू बंशीधर महतो ने खेत की तैयारी, बीज उपचार के बारे में जानकारी दी। वहीं बीटीएम दीनानाथ भगत ने मिट्टी जांच के लिए नमूना लेने के तरीके के साथ ही मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रगतिशील किसान नवीन कुमार और होरेलाल कोइरी ने खेती से सफलता पाने के मंत्र को बताये। इस मौके पर कृषक मित्र और किसान उपस्थित थे।

## रबी फसल पर तोरपा में कार्यशाला का आयोजन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड सभागार में शुक्रवार को रबी कर्मशाला का आयोजन किया गया। जिसमें रबी के मौसम में लगने वाले फसलों गेहूं, चना, सरसों के उत्पादन में वृद्धि पर चर्चा और फसलों में होनेवाली बीमारियों की जानकारी दी गई। साथ ही कीटों से बचाव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारां चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। रबी कर्मशाला की अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अमृत हेमरोम ने की। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, जेएसएलपीएस और प्रदान के पदाधिकारी, कृषक मित्र और किसान उपस्थित थे।

## इस्लाम अंसारी को बनाया गया सीटू का सीसीएल सचिव



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** एनसीओइए सीटू के पिपरवार क्षेत्रिय सचिव इस्लाम अंसारी को सीटू का सीसीएल सचिव बनाया गया है। रांची के सीएमपीडीआई में संपन्न सीटू के अधिवेशन में सीसीएल स्तरीय नयी कमेटी का पुर्नगठन किया गया, जिसमें इस्लाम अंसारी को सीसीएल सचिव बनाया गया। इस संबंध में इस्लाम अंसारी ने कहा कि केंद्रीय कमेटी द्वारा जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसे संगठन के हित में निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करने का प्रयास करेंगें। उन्होने यूनियन को मजबूत बनाने और कोयला मजदूरों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष तेज करने की बात कही। साथ ही आम्रपाली, चंद्रगुप्त और मगध संघमित्रा में भी यूनियन को मजबूत बनाने की बात कही। दूसरी ओर, इस्लाम अंसारी को सीसीएल सचिव बनाए जाने पर अब्दुल कुदूस अंसारी, गुरुदयाल सिंह, अजेश मुंडा, शमशुल होदा, राम मुर्मू, मोहम्मद जुल्फान, इम्तियाज अंसारी, भुनेश्वर उरांव, रुखसार आलम, अशोक विश्वकर्मा, विनोद कुमार, राजा खान व सुरेंद्र दास आदि ने बधाई दी है।

## घर के सामने खड़ी पिकअप वैन चोरी तेल खत्म होने पर बोलेरो छोड़ भागे चोर

**पिपरवार/खलारी(आजाद सिपाही)।** खलारी थाना क्षेत्र में वाहनों की चोरी का सिलसिला बदस्तूर जारी है। गुरुवार की रात राय आरसीएम साइडिंग के पास कालोनी निवासी बबलू चौहान की पिकअप वैन चोरी हो गई। शुक्रवार की सुबह जब वाहन मालिक ने पिकअप वैन को गायब देखा तो उसके होश उड़ गए। इसी बीच ग्रामीणों की नजर वहां लावारिस खड़ी एक काले रंग की जेएच 01पी-0983 नंबर की बोलेरो पर पड़ी। जिसमें सभी कागजात मौजूद थे। वाहन के कागजात के आधार पर लोगों ने बोलेरो मालिक किशोरी पाठक से संपर्क किया। तब उसने बताया कि चदरा धौरा उसकी गाड़ी चोरी हुई है। इस संबंध में पिकअप वैन और बोलेरो के मालिकों द्वारा खलारी थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

### नयी चेतना पहल बदलाव विषयक पर कार्यशाला का आयोजन

# महिलाएं न सहें अत्याचार : अनिकेत

आजाद सिपाही संवाददाता



कार्यक्रम को संबोधित करते मंच पर उपस्थित अतिथिगण।

**खूंटी।** डीएवाइ एनएलएमयू के अंतर्गत खूंटी नगर पंचायत की ओर से नई चेतना पहल बदलाव की कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को नगर भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अध्यक्ष बाल कल्याण पदाधिकारी आदि अतिथियों ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य संवेदनशीलता, लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा को समाप्त करने के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इसके तहत सखी मंडल की दीदियों द्वारा एक महीने से विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं के अधिकार और हिंसा के प्रति जागरूक किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि समाज एवं क्षेत्र के समग्र विकास के लिए समाज में महिलाओं के प्रति व्याप्त असंवेदनशीलता, लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा को समाप्त करना आवश्यक है। महिलाओं पर होनेवाले विविध तरह के अत्याचार की चर्चा करते हुए उन्होंने ममहिलाओं से अपील की कि अत्याचार सहने के बजाय थाने में जाकर अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएं। वहीं, डालसा के सचिव मनोरंजन कुमार ने लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा के विभिन्न पहलुओं की चर्चा करते हुए महिलाओं के हित में विविध कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डाला। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने विभाग ने महिलाओं के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। बाल कल्याण समिति, खूंटी अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को शोषण एवं अत्याचार का सहन नहीं करना चाहिए, बल्कि विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए उसके खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। नगर अध्यक्ष अर्जुन पाहन ने कहा कि विभिन्न वार्डों में जागरूकता अभियान चलाया गया है। इस दौरान डीपीएम, जेएसएलपीएस ने कहा कि महिलाओं को अपने हक एवं अधिकार के प्रति जागरूक होकर आगे आने की जरुरत है। कार्यक्रम के समापन से पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा जेंडर शपथ दिलाई गई। कार्यशाला में नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती राखी कश्यप, सखी मंडल की दीदियां और अन्य उपस्थित थे।

## समिति का अध्यक्ष बनने पर अमृत भोगता को दी गयी बधाई



**खलारी (आजाद सिपाही)।** अमृत भोगता को करकट्टा कोलियरी कर्मचारी साख सहयोग समिति का अध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों ने बधाई दी। रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता सहित उपस्थित लोगों ने माला पहनाकर सम्मानित किया। अमृत भोगता ने कहा कि लोगों ने जो उन्हें अध्यक्ष बनाकर जो जिम्मेवारी सौंपी है उसका वे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। इस मौके पर रामलखन गंझू, जालिम सिंह, विनय खलखो, अनिल पासवान, दिनेष्वर सिंह, मुकद्दर कुमार, बालेष्वर भोगता, रमेशर भोगता, जैनुल खान, प्रभाकर गंझू, मनोज गंझू, रवि गंझू, दामोदर गंझू, उमेश लोहरा, सूरज लोहरा, रामधारी गंझू, विशाल पासवान, छोटन भोगता, विकास कुमार, वीरू आदि लोग शामिल है।

## बुरु पर्व हमारी संस्कृति की पहचान है : विजय मानकी



**बुरु पर्व को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** एकता क्लब की ओर से बुरु पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को फुटबाल प्रतियोगिता, मुर्गा लडाई और छ्पल छपल नाच का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बुरु पहान सुखराम मुंडा और गोविंद मुंडा ने पूजा अर्चना कर किया। छ्पल छपल नाच का शुभारंभ तमाड़ पश्चिमी के जिप सदस्य विजय सिंह मानकी और विशिष्ट अतिथि हीरालाल दास, जगदीश गुप्ता, सोनाराम मुंडा और रमेश नायक ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में विजय सिंह मानकी ने कहा कि बुरु पर्व हमारी संस्कृति की पहचान है। हमारे पूर्वज सदियों से इस परंपरा को निभाते आये हैं। जिसे हमें भी आगे निभाना है। वहीं, हीरालाल दास ने कहा कि परंपरा को बचाये रखने के लिए युवाओं की भूमिका अति आवश्यक है। इस त्योहार से हमें जल, जंगल व जमीन की रक्षा करने की प्रेरणा मिलती है। वहीं जगदीश गुप्ता ने कहा कि बुरु पर्व के बहाने हम सब एक जगह एकत्रित होकर आपसी भाईचारा के साथ खुशी मनाते हैं जिसमें गांव के सभी लोग अपना कर्तव्य का पालन करते हुए परंपरा को आगे भी निभाने का शपथ लेते हैं। कार्यक्रम को पूर्व मुखिया सोनाराम मुंडा और रमेश नायक ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में एकता क्लब की भूमिका सराहनीय रही।

## महिला माइनिंग इंजीनियर संयमी निधि आज देंगी योगदान



**खलारी (आजाद सिपाही)।** कोयला उत्पादन में देश की अग्रणी कंपनी कोल इंडिया की दूसरी महिला माइनिंग इंजीनियर संयमी निधि चूरी परियोजना में शनिवार को अपना योगदान देंगी। इससे पूर्व संयमी निधि ने शुक्रवार को एनके महाप्रबंधक कार्यालय पंहुच कर महाप्रबंधक संजय कुमार से मुलाकात की। इस दौरान महाप्रबंधक ने संयमी निधि का हौसला बढाते हुए कहा कि वो युवा अवस्था में कोयले की खदान में काम करेगी जो दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। वहीं, संयमी ने कहा की कोयले की खदान में काम करना बेहद चुनौतीपूर्ण है लेकिन वे उस चुनौती को स्वीकार करते हुए काम करेगी।

## चोरी के दो मामलों का हुआ खुलासा, चार नाबालिग निरुद्ध

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** शहर के मोहना टोली बस्ती से विगत मंगलवार को एक बाइक की हुई चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। पुलिस ने एक किशोर की निशानदेही पर चोरी हुए बाइक को बरामद कर लिया है। इस संबंध में आरोपित किशोर को भी पुलिस ने निरूद्ध कर लिया है। दूसरी ओर, उसी रात शहर के बाजार टांड़ स्थित एक मोबाइल दुकान से लैपटॉप, मोबाइल, सहित नगद राशि की हुई चोरी के मामले का भी उद्भेदन करते हुए पुलिस ने चोरी गए दो लैपटॉप और 7 मोबाइल फोन को कदमा स्थित सिंचाई कॉलोनी से बरामद कर लिया। घटना में संलिप्त तीन किशोरों को भी पुलिस ने निरुद्ध कर लिया गया है। इस दौरान थाना प्रभारी पिंकू यादव के नेतृत्व में की गई छापामार टीम में अन्य पुलिस अधिकारी व जवान शामिल थे।

## काउंसिल की रोहिणी शाखा कमेटी की बैठक, कामगारों की समस्याओं पर चर्चा

**खलारी (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया एसटी एससी ओबीसी एंप्लॉयज को ऑर्डिनेशन काउंसिल रोहिणी परियोजना शाखा कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष उदय नारायण मेहता ने की। बैठक में काउंसिल के एनके एरिया व पिपरवार सीसीएल संरक्षक मितेश पासवान एवं एनके एरिया अध्यक्ष रविन्द्र पासवान की उपस्थिति में रोहिणी परियोजना के कामगारों की विभिन्न समस्याओं पर विषेश रूप से चर्चा की गई। इस दौरान पासवान ने शाखा कमेटी के पदाधिकारियों को रोहिणी परियोजना में कामागरों के आरक्षण के तहत प्रमोशन सहित अन्य किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल बताने को कहा। साथ ही आश्वस्त किया कि समस्याओं के समाधान के लिए उनके द्वारा हर संभव प्रयास किया जाएगा। वहीं रविन्द्र पासवान द्वारा शाखा कमेटी की सूची शाखा अध्यक्ष को सौंपी गयी। बैठक में दिलीप पासवान, राघवेंद्र पासवान, कर्मा गंझू, अमित कुमार आदि मौजूद थे।

### भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री के खूंटी पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

# संगठन की मजबूती के लिए कम से कम पांच दिन गांवों में प्रवास करें नेता-कार्यकर्ता : सुनील बंसल

आजाद सिपाही संवाददाता




पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल।

**खूंटी।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि भाजपा को गांव-गांव में मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता महीने में कम से कम पांच दिन गांवों में प्रवास करें। कहा कि कार्यकर्ताओं में आपसी समन्वय बना रहे और संगठन मजूत हो, इसके लिए प्रदेश के साथ ही जिला और मंडल स्तर पर बैठकों का नियमित रूप से आयोजन हों। राष्ट्रीय महामंत्री शुक्रवार को भाजपा के जिला कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर नए लोगों को भाजपा से जोड़ना और कमजोर बूथों में जाकर प्रवास करने से संगठन को मजबूती मिलेगी। संगठन को मजूती प्रदान करने के लिए उनका आगमन भगवान बिरसा मुंडा के पावन धरती खूंटी में हुआ है। इसके पूर्व खूंटी पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा पारंपरिक ढंग से फूलमाला और अंग वस्त्र देकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने की। इस अवसर पर संगठन के महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य और खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा के विधायक कोचे मुंडा, प्रदेश महामंत्री प्रदीप वार्मा और बालमुकुंद सहाय, खूंटी जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह उपस्थित थे। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद नाग और धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री शशांक शेखर राय ने किया। इस अवसर परे जिला के सभी पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य, मोर्चा के अध्यक्ष महामंत्री, मंडल के अध्यक्ष महामंत्री और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## प्रशासन गांव की ओर विषय पर कार्यशाला आयोजित



**खूंटी।** आदर्श विद्यालय सभागार में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को प्रशासन गांव की ओर विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान गुड गवर्नेंस वर्कशॉप पर विस्तृत चर्चा करते हुए विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों को अपने स्तर पर अभियान को सफल बनाने की बात कही। बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा 19 से 25 दिसंबर तक राष्ट्रव्यापी सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इसका उद्देश्य आमजनों की शिकायतों का निष्पादन और आमजनों को सेवा प्रदान करने की प्रक्रिया में सुधार करना है। प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यशाला के दौरान परियोजना निदेशक आइटीडीए संजय भगत ने कहा कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिला मुख्यालय समेत सभी प्रखंड व अंचलों में जनता दरबार का आयोजन, जन शिकायत निवारण केंद्र के माध्यम से आमजनों की शिकायतों का निवारण और सभी थानों में जनता दरबार आयोजन कर थाना से संबंधित आवेदनों का निपटारा व अन्य कार्यक्रम किए जा रहे हैं। यूनिसेफ के काउंसलर विकास कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में सरकार ई गवर्नेंस, विभिन्न पोर्टलों सहित कई अन्य माध्यमों से आम जनों की शिकायतों व उनकी समस्याओं के समाधान का कार्य किया जा रहा है।

## सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत से दुखी परिजनों को सांत्वना देने घर पहुंचे आजसू नेता



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सिल्ली से गूंज महोत्सव देखकर लौटने के क्रम में विगत 21 दिसंबर को बंता के समीप सड़क दुर्घटना में पांगुरा ग्राम निवासी रितेश मांझी एवं मंटू मांझी नामक दो सगे भाइयों की मौत हो गई थी। शुक्रवार को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के निर्देश पर तमाड़ विधानसभा प्रभारी राम दुर्लभ सिंह मुंडा मृतकों के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे और सांत्वना दिया। इस मौके पर बुंडू प्रभारी सह केंद्रीय समिति सदस्य संजय महतो, हरिहर महतो, ताराचंद मुंडा, कड़िया मुंडा, गोवर्धन मछुआ, राज किशोर कुशवाहा और पारस संतोष आदि उपस्थित थे। इधर जिप सदस्य परमेश्वरी शांडिल ने मृतक परिवार को सरकार से मिलने वाली सड़क दुर्घटना राशि को लेकर बुंडू अंचल अधिकारी को तुरंत संज्ञान में लेते हुए भुगतान करने की बात कही।

## खलारी पीएचसी में दिया जा रहा को-वैक्सीन का बूस्टर और दूसरा डोज

**खलारी (आजाद सिपाही)।** महावीर नगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खलारी में कोवैक्सीन का बूस्टर व दूसरा डोज उपलब्ध है। उक्त जानकारी देते हुए एमपीडब्ल्यू सुमित कुमार ने बताया कि जिन्होंने कोवैक्सीन का दूसरा डोज नहीं लिया है या बूस्टर डोज नहीं लग पाया हो, वे पीएचसी आकर उक्त वैक्सीन का डोज ले सकते हैं।

## प्रभु यीशु की उपस्थिति का महापर्व है क्रिसमस : प्रतिभा




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में शुक्रवार को क्रिसमस गैदरिंग मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षिका प्रतिभा सुमन सुरीन ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ चरणी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्थान के छात्रों ने नृत्य और संगीत समेत कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर शिक्षिका प्रतिभा सुमन सुरीन ने कहा कि क्रिसमस परमेश्वर की उपस्थिति का महोत्सव है। प्रभु यीशु ने मानव सेवा में अपना सर्वत्र न्योछावर कर दिया। उनके द्वारा हमें प्रेम, त्याग और बलिदान का संदेश मिलता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से प्रभु यीशु के जीवन को आत्मसात करने की बात कही। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा कैरोल गीतों के साथ ही नागपुरी गीत-नृत्य प्रस्तुत किये गये। सांता क्लॉज द्वारा लोगों के बीच गिफ्ट बांटे गए। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने भी बच्चों को यीशु मसीह के जीवन की चर्चा करते हुए उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने का संदेश दिया। संस्थान की शिक्षिका अंजलि ने प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका रागिनी, सावित्री, रिया, अंजलि, शिक्षक अशोक टुटी का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन छात्रा सुहानी और अंजलि ने किया।

## कृषि विभाग की योजनाओं का किसान उठायें लाभ : संतोष




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** किसान सम्मान दिवस के अवसर पर कर्रा प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय रबी कर्मशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख, 20 सूत्री अध्यक्ष और प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से की गई। किसानों और एमपीओ महिला किसानों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सभी किसान अपनी जगह-जमीन को संजोते हुए कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ें और कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रहे योजनाओं का लाभ लें। मौके पर उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी संतोष लाकड़ा ने विभाग की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, कृषि ऋण माफी योजना, 90 फीसदी अनुदान पर टपक सिंचाई प्रणाली की स्थापना, ब्लॉकचैन के माध्यम से बीज वितरण आदि की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में निबंधन के लिए विशेष जोर दिया गया। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक भी उपस्थित थे, जिन्होंने रबी फसल पर लगने वाले रोग और उसके उपचारों, मौसम संबंधी जानकारी साझा की। इस मौके पर मयंक गुप्ता, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक स्नेहलता तिग्गा, सहायक तकनीकी प्रबंधक माधुरी लकड़ा, किसान मित्र और किसान उपस्थित थे।

## खेलो झारखंड-2022-23 में कर्रा के प्लस-2 उच्च विद्यालय के खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड मेडल

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड 2022-23 के तहत सरकार की ओर से आयोजित 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर की दौड के अलावा ऊंची कूद, लम्बी कूद गोला फेंकना रिले दौड़, जैबलीन फेंक, फुटबाल, कबड्डी और हॉकी प्रतियोगिता में कर्रा प्लस-2 उच्च विद्यालय के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया और स्वर्ण पदक जीता। कक्षा 9 से 12वीं के बालक वर्ग में फुटबाल प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाते धनबाद की टीम को 1-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता।

## रातू तिगरा पंचायत में झामुमो पंचायत कमेटी का गठन सुभाष उरांव अध्यक्ष और सचिव बने असमाऊल अंसारी



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बाजपुर में शुक्रवार को प्रखंड झामुमो पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में झामुमो पंचायत समिति का गठन किया गया। बैठक का संचालन प्रखंड प्रवक्ता असलम अंसारी ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से सुभाष उरांव को अध्यक्ष एवं असमाऊल अंसारी को सचिव बनाया गया। इसके अलावा विकास तिर्की उपाध्यक्ष, सुभान अंसारी को कोषाध्यक्ष अशोक पाहन को संगठन सचिव तथा विक्रम उरांव को सह सचिव बनाया गया। इसके धीरज कुज्जूर, लुकमान अंसारी, बंधन उरांव, निश्चल तिर्की, परवेज अंसारी को कार्यकारिणी सदस्य में रखा गया है। कार्यक्रम में सोमा उरांव, पहना तिर्की, इम्तियाज अंसारी, विकास कुमार, बिराज कमल, अब्दुल कादिर, मोजिम राय दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नौवीं सद्भावना चैंपियन फुटबॉल ट्रॉफी के तीसरे दिन संत जॉन रांची विजयी

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** स्वर्णरेखा फुटबॉल क्लब सिकिदिरी द्वारा आयोजित 9वीं सद्भावना चैंपियन फुटबॉल ट्रॉफी 2022-23 का तीसरा दिन संत जॉन रांची एवं पी ब्रदर चक्रधरपुर के बीच मैच खेला गया। जिसमें संत जॉन रांची की टीम 3-2 गोल से विजय रही। संत जॉन रांची के रोशन क्रिकेटर को मैन ऑफ द मैच दिया गया। संत जॉन की ओर से 11वें, 57वें एवं 78वें मिनट में तीन गोल किया। वहीं चक्रधरपुर टीम की ओर से 13वें व 80वें मिनट में दो गोल किया। मौके पर मुख्य अतिथि समाजसेवी अजय साहू विशिष्ट अतिथि राजनंद साहू, शिवदास गोस्वामी, नंदलाल राम, फारूक खान, खालिक खान, रामकुमार सिंह, चरण बेदिया, आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक सह कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, अध्यक्ष राजेश पाहन, सचिव प्रकाश यादव, शिवधर रजवार, श्यामसुंदर बेदिया, जगदीश रजवार, रंथुवा मुंडा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आजसू नेता तनवीर ने किया टी स्टॉल का उद्घाटन

**कांके (आजाद सिपाही)।** आजसू नेता सह समाजसेवी तनवीर आलम ने कहां के थाना से सटे न्यू मार्केट परिसर में हाइ च्वाइस टी स्टॉल का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस मौके पर तनवीर आलम ने कहा कि चाय पीने के शौकीनों को यहां हर तरह की चाय संचालक द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है। वही संचालक मो जावेद अख्तर ने बताया कि हमारी दुकान में 7 वैरायटी के चाय ग्राहकों को परोसी जायेगी। जिसे पीकर ग्राहक आनंदित होंगे। इस मौके पर मोहम्मद गनी, हीरो शेख तसव्वर, आरिफ, मो. केसर खान सहित अन्य मौजूद थे।

## खेल से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है: प्रो विजय पांडेय




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में खेल के प्रति बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान सौ मीटर दौड़, रिले दौड़, बैलून रेस, थ्री लेग रेस, हार्डल रेस सहित अन्य प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विजय पाण्डेय थे। इससे पूर्व स्कूल के संस्थापक व जेटीयु के कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी, सचिव डॉ कुमूदकला मेहता एवं प्राचार्य एडवर्ड लुगून नें संयुक्त रूप से मशाल प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। स्वागत भाषण डॉ कुमूदकला मेहता ने दिया। वहीं डॉ अमर कुमार चौधरी नें स्कूल की विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों से अवगत कराया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रो विजय पाण्डेय नें बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना विकसित होती है तथा बच्चे शारिरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ होते हैं। बाद में विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा क्रिसमस एवंव नववर्ष की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में अजय कुमार महतो, सीताराम केसरी, रामनाथ महतो, ब्रजेश महतो, सखीचंद महतो सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक गण उपस्थित थे।

## सोहोवती देवी स्कूल भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है योग और पर्यावरण : प्रवीण प्रभाकर

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** उषा मार्टिन फाउंडेशन एवं शालिनी अस्पताल के संयुक्त पहल पर प्रखंड के राजकीय प्राथमिक स्कूल मासु में शुक्रवार को स्वास्थ्य एवं योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरोग्य भारती के राष्ट्रीय पर्यावरण प्रमुख प्रवीण प्रभाकर ने इस अवसर पर कहा कि योग और पर्यावरण संरक्षण भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। योग को आज पूरा विश्व मान्यता दे रहा है और विश्व योग दिवस भी मनाया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण और योग आज की जरूरत है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य एवं योग के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर मधुमेह प्रबंधन एवं योग प्रमुख स्वामी मुक्तिरथ ने कहा कि योग न केवल रोग भगाता है बल्कि शरीर को स्वस्थ्य रखता है। उषा मार्टिन फाउंडेशन के सचिव मंयक मुरारी नें सीएसआर योजना के तहत किये जा रहे नागरिक कल्याण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए इसका लाभ लेने की अपील ग्रामीणों से की। शालिनी अस्पताल के प्रबंधक राणा विकास ने स्वास्थ्य कार्यक्रम और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। मौके पर शिशिर कुमार भगत सहित स्कूल के शिक्षकगण एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### शिक्षाविद्ध डॉ रिझू नायक की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन

# खेलो झारखंड में स्टेट चैंपियन का खिताब पानेवाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** क्षेत्र के खेल प्रमियों एवं प्रबुद्धजनों की पहल पर गोंदलीपोखर स्थित होटल राजधानी में शुक्रवार को शिक्षाविद्ध डॉ रिझू नायक की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन थे जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व उपप्रमुख अनवर खान, पूर्व जिप सदस्य रंथा महली, ग्रामप्रधान संघ अनगड़ा के अध्यक्ष उमेश बड़ाईक, मुखिया कविता देवी, सांसद प्रतिनिधि अजय महतो, विरेन्द्र भोगता आदि उपस्थित हुए। समारोह में खेलो झारखंड के तहत राज्य स्तरीय वॉलीबॉल बालक, कबड्डी बालिका एवं आर्चरी प्रतियोगिता में रांची जिला (एसएस प्लस टू हाईस्कूल चिलदाग अनगड़ा की टीम) नें शानदार खेल का प्रर्दशन करते हुए स्टेट चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। शुक्रवार को आयोजित समारोह में विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया वहीं प्राचार्या संगीता रवि, शिक्षिका रतनी तिर्की, कोच समीर एवं कमल गंझु भी सम्मानित किये गये। इस अवसर पर प्रसिद्ध नागपुरिया गायक मजबुल महेशपुरी नें प्रेरक गीतों के माध्यम से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। मौके पर रामकुमार पाहन नें कहा कि एसएस प्लस टू हाइस्कूल के बच्चों नें खेल में पूरे झारखंड में अपना परचम लहरा दिया। यह प्रखंडवासियों के लिए गौरवान्वित करने वाला ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए आगे कड़ी मेहनत, लगन और लगातार अभ्यास से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अनवर खान सहित अन्य वक्ताओं नें भी अपने विचार व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। संचालन डॉ रिझु नायक ने किया।

### समारोह में इनकी रही उपस्थिति

**सिकंदर अंसारी, शिवलाल महतो, रामानंद बेदिया, शिबु मुंडा, सुनील महतो, नरेश साहू, मनीराम महतो, श्रवण चैधरी, बालकेश महतो, सुरेश महतो, बिरजा मुंडा, अगमलाल महतो आदि। सम्मानित होने वाले खिलाड़ीः-वॉलीबॉल में आरिफ अंसारी, साहबान आलम, संजय नायक, निखिल, करमाली, रोशन उरांव, नीरज करमाली, करण नायक, विशाल कुमार, ओम नायक, देवानंद नायक, साहिल चैधरी, राहूल महतो। कबड्डी में सपना कुमारी, कशीश कुमारी, नीतू कुमारी, नेहारेन टोप्पो, वीणा कुमारी, काजल कुमारी, ज्योति कुमारी, प्रियंका कुमारी, आरती गाड़ी, आरती, प्रिया, पूजा मुंडा।**

# झारखंड किसान महासभा ने की ओरमांझी में ऐतिहासिक पहलः जयराम

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** ओरमांझी का अंचल मैदान राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर झारखंड किसान महासभा का गवाह बना। जहां हजारों की संख्या में झारखंड प्रदेश के सभी जिलों से किसानों का महाजुटान हुआ। राष्ट्रीय किसान दिवस हर वर्ष 23 दिसंबर को आता है लेकिन झारखंड में 2022 का 23 दिसंबर यहां के किसानों के लिए नया पैगाम लेकर आया है। लगातार दो साल की कोरोना की वैश्विक महामारी और तीसरे साल भयंकर अकाल के कारण किसानों की कमर टूट चुकी है। कृषक समुदाय में गहरा रोष है और अपनी कृषि कार्य को छोड़कर के अन्य प्रायोजन कर अपना तथा अपने बच्चों का पेट पालने को मजबूर है। इन्हीं नकारात्मकताओं के बीच झारखंड किसान महासभा ने तय किया कि, सकारात्मकता की एक नयी रोशनी फैलायी जाये और दिन तय किया गया 23 दिसंबर 2022। पहली बार राष्ट्रीय किसान दिवस को सोशल मीडिया में औपचारिकता के तौर पर मनाने के अलावा हजारों की संख्या में किसान ओरमांझी के ब्लॉक चौक में एकत्रित हुए और धूमधाम से राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय किसान दिवस के दिन झारखंड प्रदेश के किसानों ने महापंचायत भी लगायी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे टाइगर जयराम महतो ने कहा कि झारखंड किसान महासभा के द्वारा झारखंड की धरती पर यह ऐतिहासिक पहल है जब किसानों को लेकर किसान दिवस उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। टाइगर जयराम महतो ने किसानों से आवाहन किया कि किसानों की जिंदगी में तकलीफ की कमी नही है इसके बावजूद भी किसान दिवस को झारखंड का सबसे बड़ा उत्सव मनाने के लिए प्रण लेने को कहा। प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा किसान झारखंड किसान महासभा से जुड़े। झारखंड किसान महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष राजू कुमार महतो ने कहा कि प्रदेश में व्याप्त किसानों की दुर्दशा कृषि विभाग की दिशा हीनता, विभागीय भ्रष्टाचार, सरकार का किसानों को लेकर उदासीन रवैया, यहां के किसानों को भुखमरी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है, अगर जरूरत पड़ी आंदोलन के रास्ते हमेशा खुले हैं। इस राष्ट्रीय किसान दिवस के दिन भारी संख्या में राज्य के किसानों ने भाग लिया और झारखंड सांस्कृतिक कार्यक्रम घोड़ा नाच का प्रदर्शन राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार महतो द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में लोक नृत्य भी प्रदर्शित की गई और झारखंड किसान महासभा की तरफ से आवाहन किया गया कि राष्ट्रीय किसान दिवस को अगले वर्ष और भी बड़े रूप में आयोजित किया जायेगा।

### इनकी रही मौजूदगी

झारखंड किसान महासभा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पंकज राय, संयोजक अजय सिंह, महासचिव उपेंद्र गुरु, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष पंच देव महतो, कार्य समिति के सदस्य नरेश महतो, अशोक महतो, संजय महतो, जंगल महतो, राजेश महतो, मनोज महतो, रीता भारती, किरण देवी, बैजनाथ महतो, शैलेश महतो , कुशल महतो,संजय कुमार महतो, धनंजय महतो, विनोद महतो, प्रेमनाथ महतो, तारकेश्वर यादव एवं पूरे प्रदेश के हजारों किसान भाई-बहन मौजूद थे।

**पंचायत समिति के सदस्यों की बैठक संपन्नः** चान्हो (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख होलिका देवी की अध्यक्षता में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही चल रहे योजनाओं की जानकारी ली गई। जिसमें सभी समिति सदस्यों के सर्व सहमति से वेतन मांग ( मासिक वेतन) को रखा गया। पंचायत भवन में मुख्य कार्यकारिणी बैठक में सहमति को लेकर मांग की गई। वहीं कार्यकारिणी बैठक में समिति सदस्य की उपस्थिति को अनिवार्य करने की भी मांग की गई। साथ ही यह भी मांग की गई कि कार्यकारिणी कॉपी की मान्यता पंचायत समिति सदस्य की उपस्थित में ही मान्य हो। इस बैठक मे महिला प्रसार पदाधिकारी पुष्पलता हेंब्रम और प्रमुख प्रतिनिधि देवेंद्र महली के साथ चान्हो प्रखंड के सभी पंचायत समिति एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

## क्रिसमस उत्सव धूमधाम से मनाया



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बिनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेडो में शुक्रवार को क्रिसमस उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें रवि, सुनील और आदित्य ने रंग बिरंगी ड्रेस पहनकर सांता क्लॉज बनकर बच्चों के बीच टॉफियां और उपहार वितरित किया। वही स्कूली बच्चों ने क्रिसमस गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान शिक्षकों द्वारा केक काटा गया। साथ ही सेंटा क्लाज के आने पर बच्चों ने गीत गाकर उसका स्वागत किया। मौके पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय एकता पर जोर देते हुए सभी विद्यर्थियों से सभी धर्मों के प्रति सदभाव एवं आस्था रखने के लिए प्रेरित किया। मौके पर श्रवण कुमार, कौशिक गोस्वामी, आरती, निर्मला, अनीता, नितेश, रवि सिंह, सोमी खाखा, सीमा, प्रिस्का, अंजलिना, सोमा सरकार, सविता गुप्ता,संदीप सिंह अरुणिमा,सावित्री, हेमंत, विजय, कमला सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

## इलाज के दौरान युवक की मौत

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के मारवा गांव निवासी धर्मदेव महतो 40 वर्ष की मृत्यु इलाज के क्रम में शुक्रवार की सुबह अस्पताल में हो गई। मृतक झारखंड जगुआर एसटीएफ में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात था। पोस्टमार्टम के बाद झारखंड जगुआर के मुख्यालय में अधिकारियों व जवानों ने उन्हें अंतिम विदाई दिया। वहां से शव मृतक जवान के पैतृक घर लाया गया। जहां परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। शुक्रवार की शाम गांव के मुक्तिधाम में मृतक जवान का अंतिम संस्कार किया गया। विदित हो कि बुधवार की देर शाम मृतक रिंग रोड में गागी मोड़ के निकट सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। मृतक जवान के अंतिम यात्रा में सैंकड़ों लोग शामिल हुए।

## सीआरपीएफ ने ग्रामीणों में बांटे कंबल



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रामपुर पंचायत अंतर्गत जामचुआं गांव में शुक्रवार को सीआरपीएफ सी/232 बीएन धुर्वा के बैनर तले कंबल वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सीआरपीएफ बीएन धुर्वा की रंजना शिवम और रेनुका सरकार ने की। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये रंजना एवं रेनुका ने संयुक्त रुप से कहा कि सर्दियों के मौसम में हर व्यक्ति को अपने बचाव के लिये कंबल की आवश्यता होती है। कहा कि जब-जब ग्रामीण इसका उपयोग करेंगे, वह सीआरपीएफ को भी याद करना नही भूलेंगे। इस मौके पर मुख्य रुप से पूर्व मुखिया रामपुर महादेव मुंडा, पूर्व पंसस सुगन कुजूर, वार्ड सदस्य सरस्वती कुजूर, कमल लकड़ा, तुलसी मुंडा, ग्राम प्रधान नरेश उरांव, समाजसेवी विकास मुंडा, मानु मुंडा, उत्तम गोप, शंकर कुजूर, संजय कुजूर, रोविन कुजूर सहित पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

## बस की चपेट में आकर दो बाइक सवार युवकों की मौत

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के एनएच 33 रांची टाटा रोड पर एक बाइक पर सवार दो युवकों को बस ने कुचल दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान रामपुर पंचायत के सिंजुसोरेंग निवासी अजय लकड़ा (23) और चिंटू लोहरा (15) के रुप में की गयी है। जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार शाम की है। दोनों युवक बाइक पर सवार होकर रामपुर बाजार से घर जा रहे थे। इसी दरमियान रांची से टाटा जा रही मां भवानी नामक बस उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों युवक रोड पर ही गिर गये। वहीं, बस चिंटू लोहरा को कुचलते हुये फरार हो गया। पीछा करते हुये हाइवें पेट्रोलिंग की पुलिस बस को एक किलोमीटर दौड़ाकर पकड़ा और ड्राइवर व खलासी को हिरासत में लिया। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रांची रिम्स भेज दिया है।

## इटकी में किसान दिवस का आयोजन

**इटकी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय किसान दिवस के मौके पर शुक्रवार को इटकी पूर्वी पंचायत भवन में प्रीमियम एरिगेशन द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन में किसानों को अपने खेतों में उपज बढ़ाने खेतों की उर्वराशकि बढाने एवं इसकी बिक्री उचित दामों में किये जाने के तरीकों की जानकारी दी गयी। सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही सुविधाओं व इसका लाभ लेने की भी जानकारी दी गयी। प्रीमियम एरिगेशन के जैनेंद्र कुमार ने किसानों को पानी की बचत के लिये टपक सिंचाई योजना को अपनाने पर बल दिया। जेएसएलपीएस की बीपीएम सुजाता सोनी, मुखिया रीता देवी एवं यशपाल सिंह सहित अन्य ने अपने विचार व्यक्त किये ।मौके पर राजकुमार तिर्की, सुशेश्वर गोप, विजय कुमार एवं प्रेमांकित सहित अन्य शामिल थे।

## वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** डीएवी स्कूल ओरमांझी में नौवां वार्षिक उत्सव धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पद्मश्री अशोक भगत, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य पूर्वी सरिता देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि अशोक भगत ने कहा कि डीएवी स्कूल 9 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग मिसाल कायम किया है। विद्यालय प्रबंधन शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों का सवार्गीण विकास भी कर रहा है। वहीं विद्यालय के प्राचार्या पूनम दुबे ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी भरता है। विद्यालय में अब स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों को इंटरनेट से जोड़ उच्च तकनीक की शिक्षा दी जायेगी। समारोह में विद्यार्थियों के द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। समारोह में विज्ञान एग्जीबिशन का भी स्टॉल लगाया गया था। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया दीपक बड़ाइक, शिवनाथ मुंडा, ज़िला परिषद सदस्य सरिता देवी, अजय कुमार दुबे,इन्दु कुमारी, ज्योति कुमारी, रिंकी कुमारी, अफसाना परवीन,कुसुम कुमारी, माला कुमारी, कुलदीप कुमारी, बब्लू कुमार, संगीता कुमारी, रेखा कुमारी, अर्पणा साहू, रिया कुमारी, निशा कुमारी आदि उपस्थित थे।

### तीन साल पूर्व सड़क बनाने के दौरान तोड़ दी गयी थी पाइप, अब तक नहीं हुई मरम्मत, कई गांवों में आपूर्ति हुई बाधित

# करोड़ों रुपये की लागत से बनी जलमीनार लक्ष्य तक पानी पहुंचाने में असमर्थ



आसिफ रजा

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड में ग्रामीण जलापूर्ति योजना से बनाये गये जल मीनार से पानी की आपूर्ति लगभग 4 सालों से ठप पड़ी है। चांहो में लगभग 11 करोड़ की आरंभिक लागत से जल मीनार का निर्माण कराया गया। जिसमें बाद में लागत और बढ़ाया गया। इस जल मीनार से चटवल और रघुनाथपुर पंचायत के विभिन्न गांव तक ग्रामीणों को पीने योग्य पानी मुहैया कराना था। रघुनाथपुर पंचायत के रघुनाथपुर, जयपुर, कोको बुड़िया, नावाडीह और फुलडीह तो वहीं चटवल पंचायत के रकाडीह, मसमानो, चटवल और चान्हो में जलापूर्ति करने की योजना थी। 2016-17 में बने इस जलमीनार से शुरू में तो सभी जगहों पर जल आपूर्ति नियमित ढंग से हो रही थी। किंतु सड़क निर्माण के वक्त पाइप कटने से पकरियो, चान्हो, रघुनाथपुर, कोको बुड़िया, जयपुर, नवाडीह और फूलडीह में पानी की आपूर्ति बंद हुई। जो आज तक शुरू नहीं हो पायी है। विभाग से पूछने पर विभाग गोल मटोल जवाब देती है और सड़क निर्माण विभाग पर आरोप लगाती है। लेकिन इसका खामियाजा तो आमजन को भुगतना पड़ रहा है।

प्रखंड की प्रमुख होलिका देवी कहती है कि लगातार ग्रामीणों की शिकायत जल आपूर्ति को लेकर मिल रही है, विभाग के अभियंता से बात करने पर सही जवाब नहीं दे रहे हैं यदि जल्द आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो आंदोलन किया जायेगा।



**"विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ग्रामीणों को हर हाल में जल आपूर्ति करायी जायेगी। जनता के साथ अन्याय किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।**



**"वही पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने भी इसको संज्ञान में लेते हुए कहा कि इतनी लागत से बनी इस जल मीनार को बेकार नहीं होने दिया जायेगा। इसके लिए जो भी आवश्यक कदम उठाने पड़ेंगे, जनहित में काम किया जायेगा। जनता को हर हाल में जलपूर्ति करायी जायेगी।**

### क्या कहते हैं ग्रामीण

**वीरेंद्र ठाकुरः** इस योजना में शुरू से ही अनियमितता बरती गई है। कुछ दिन पानी आने के बाद बंद हो गई। सड़क बनने के दौरान पाइप फटा सो अबतक नहीं बन पाया है। सरकार इसपर जल्द से जल्द ध्यान दें।

**मिथिलेश सिंहः** जलापूर्ति ठप हो जाने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब जल मीनार बना था तो एक उम्मीद जगी थी लेकिन लगभग पिछले 4 सालों से जलापूर्ति ठप है।

**जीवन ज्योति मिंजः** विभाग के लचर व्यवस्था के कारण ग्रामीणों को नुकसान हो रहा है। विभागीय पदाधिकारी कान में रुई ठूंस के बैठे हुए हैं। जनता के हित से उन्हें कोई मतलब नहीं।

**विनोद गुप्ताः** सरकार सिर्फ योजना लाती है पैसों की बंदरबांट करने के लिए। योजना से लोगों को लाभ हो रहा है कि नहीं हो रहा है कोई देखने वाला नहीं। परेशानी हम गरीब जनता को होती है।

